आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 14.05.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री नामांकन

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन भरा। सातवें और अंतिम चरण में वाराणसी में चुनाव होगा। इस चरण के लिए नामांकन भरने का आज अंतिम दिन है। इस अवसर पर चंद्रबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे, जीतनराम मांझी, संजय निषाद, रामदास अठावले जैसे गठबंधन सहयोगियों के नेता, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राजनाथ सिंह और हरदीप सिंह पुरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

यूनेस्को-भारत

राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को 'यूनेस्को के विश्व एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय अनुस्मरण रजिस्टर' में शामिल किया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया है कि यह समावेशन भारत के लिए एक गौरव का क्षण है, जिससे देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि होती है। यह वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों को और आगे ले जाने का प्रतीक है, जो हमारी साझा मानवता को आकार देने वाली विविध कथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को पहचानने और सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डालता है।

प्रवासी मजदूर मतदान

खरगोन-बड़वानी लोकसभा सीट पर कल मतदान सम्पन्न हो गया। बड़वानी जिले में 76 फीसदी से मतदान हुआ। जिले में इस अच्छे मतदान के पीछे मजदूरी के लिए पलायन कर अन्य राज्यों तथा बड़े शहरों में रोजगार करने गए मतदाताओं का निर्वाचन क्षेत्र में आकर मतदान करना भी रहा है। जिले से रोजगार की तलाश में पलायन कर गए मतदाताओं पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष रूप से फोकस कर उन्हें स्व सहायता समूह व अन्य लोगों से फोन से सूचित कर मतदान करने के घर आने को प्रेरित किया गया ।

मानदेय भुगतान

सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा में 1485 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही कर दिया गया। मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में 17 लाख रुपये की राशि स्थानांतरित कर दी गई।

गेंहू खरीदी

नर्मदापुरम जिले में 178 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी जारी है। अब तक स्लॉट बुक किए 33 हजार 167 किसानों में से 21 हजार 204 किसानों ने गेहूं का विक्रय किया है।

इन किसानों से रिकॉर्ड 2 लाख 37 हजार 387 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। यह आंकड़ा और ऊँचे स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। गेहूं खरीदी 20 मई तक की जायेगी।

वहीं अब तक 2 लाख 17 हजार 386 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन किया गया है। साथ ही किसानों को 317 करोड़ 80 लाख रुपए का भुगतान उनके खातों में किया जा चुका है।

ग्वालियर ट्रैफिक व्यवस्था

ग्वालियर शहर में ई-रिक्शा के मार्ग निर्धारित होंगे। तिराहों-चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री किए जायेंगे। हाथ ठेलों को हॉकर्स जोन में व्यवस्थित किया जाएगा। चुनिंदा व्यस्ततम बाजार फोर व्हीलर फ्री जोन बनाने के प्रयास होंगे और पार्किंग व्यवस्था मजबूत की जाएगी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ शहर के ट्रैफिक प्लान पर इन विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन किया।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में रूक-रूककर तेज हवा से आंधी बारिश का दौर जारी है। शाजापुर, छिंदवाड़ा, रतलाम समेत कई जिलों में कल मौसम बदला रहा।

कई जगहों पर ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से ऐसा मौसम बना रहा है। इस वजह से 16 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। आज भी 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीँ, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत 19 जिलों में यलो अलर्ट है। इधर, नरसिंहपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, खजुराहो, खंडवा, रायसेन, रतलाम सहित कई जिले तप रहे हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. ओरछा में समर कैम्प का आयोजन किया गया है. एक महीने तक चलने वाले इस समर कैम्प में कुल 20 दिन तक अलग अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कैम्प का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य जगमोहन नामदेव ने किया.
2. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर दुख व्यक्त किया है । और
3. सागर-सिलवानी स्टेट हाइवे क्रमांक 15 पर कल एक यात्री बस और डंपर के बीच भिड़ंत में 12 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।